बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1
(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 31 दिनांक 6-5-06

सेवा में,

सचिव,
गृह विभाग, बिहार, पटना
आरक्षी महानिदेशक,
बिहार, पटना ।

विषयः– श्री कमला कान्त राय, वि0प्र0से0 उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम को अंगरक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में "संघ" को यह सूचित करना है कि श्री कमला कान्त राय, वि0प्र0से0 के साथ निगम प्रधान कार्यालय में कर्मचारियों एंव अपराधी तत्वों के द्वारा मार-पीट किया गया एंव नियम विरुद्ध कार्य करने के लिये दबाव डाला जा रहा है जिससे वे अपने को असुरक्षित महसूस कर रहें हैं और अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में उन्हें कठिनाई हो रही है।

अतः "संघ" का अनुरोध है कि उन्हें तत्काल एक अंगरक्षक उपलब्ध कराया जाय जिससे उनके जान-माल की सुरक्षा हो सके। श्री राय द्वारा कोतवाली थाना में दर्ज प्राथमिकी की छाया प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।

विश्वासभाजन,

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव

ज्ञापांक 31 /वि0प्र0से0सं0, पटना, दिनांक 6-5- /2006.
प्रतिलिपि वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव

ज्ञापांक- 31 /वि0प्र0से0, दिनांक- 6-5-06
प्रतिलिपि श्री कमला कान्त राय, मुख्य कार्यपालक पदा0 को सूचानार्थ।

(विपिन कुमार सिंहा)

सेवा में,

आरक्षी निरीक्षक सह थाना प्रभारी,
कोतबाली थाना, पटना।

विषयः– **निगम प्रधान कार्यालय में कार्यावधि में कक्ष में बलपूर्वक प्रवेश कर महत्वपूर्ण कागजातों को नष्ट करते हुए मेरे साथ मारपीट करने के संबंध में।**

महाशय,

मैं, के0 के0 राय, उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम आज दिनांक 03.05.2006 को अपराहण में लगभग 4:15 बजे अपने कार्यालय में बैठकर निगम कार्यो का सम्पादन कर रहा था। इतने में रामयतन प्रसाद, महासचिव, पटना नगर निगम कामगार यूनियन के नेतृत्व में राधेशरण सिंह, रामचरण सिंह, रामजयपाल सिंह यादव, श्रीराम सिंह, शशि शेखर सिंह, सभी सदस्य, कामगार यूनियन एवं अन्य 60–70 की संख्या में स्त्री–पुरूष के साथ मेरे कक्ष में गाली गलौज देते हुए बलपूर्वक प्रवेश किये और महत्वपूर्ण कागजातों को फाड़नें लगे तथा महत्वपूर्ण संचिकाओं को उठाकर ले जाने लगे जिसका मैंने विरोध किया। मेरे विरोधस्वरूप रामयतन प्रसाद ने गाली देते हुए कहा कि "यही शाला सबसे वुद्यिमान ऑफिसर है इसे जान से मार डालो"। उसके बाद उसने मुझपर पहला प्रहार किया। उसके बाद राधेशरण सिंह, रामचरण सिंह, रामजयपाल सिंह यादव, राम सिंह, शशि शेखर सिंह, अपने आदमियों के साथ ऑफिस में घुसकर उपस्थित कर्मचारियों को कार्यालय से बाहर कर दिया एवं मेरा गला दवाने लगा।

मेरे सामने हीं कार्यालय में लगे शिशों की तोड़फोड़ किया एवं टेवुल–कुर्शी को उलट पलट दिया। उक्त गंभीर परिस्थिति को देखते हुए मै, झटके से भागकर अपनी गाड़ी में बैठ गया परन्तु वे लोग यहॉ भी मेरे गाडी को चारों ओर से घेर कर डंडे से गाड़ी पर प्रहार किया। किसी तरह से मैं अपनी गाड़ी से जान बचाकर भागा।

घटना का कारण यह है कि रामयतन प्रसाद को कुछ दिन पूर्व हाल हीं में प्रभारी राजस्व पदाधिकारी पद से हटाया गया है तथा नगर विकास विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त सूचि में वर्णित लगभग 432 अवैध नियुक्तियों की जॉच मेरे द्वारा कराई जा रही है, जिसे नामजद अभियुक्त नही चाहते हैं और कर्मचारियों को भड़काकर मेरे उपर जान से मारने की नियत से षडयंत्र किये हैं।

R
T.W.
3/5/06

उपरोक्त मेरा ब्यान सही है जिसे पढ़कर अच्छी तरह सुन एवं समझ लिया है सो सव सही है। दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन

[signature] 3.5.06
(कमला कान्त राय)

उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
पटना नगर निगम।

प्रतिलिपि – अध्यक्ष, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, केन्द्रीय समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

[signature]
3-5-06

C:\Residence CEO\Year 2006\May\FIR from Dy.CEO to Ramyatan Pd. dated 03.05.2006.doc